तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

12 श्री राम कथा में उमड़ा जनसैलाब, छोटा ...

14 राम जानकी मंदिर में नवधा रामायण प्रारम्भ




# छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण : चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया जन-संवाद

## कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने सरकार की उपलब्धियां एवं योजनाएं रखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा सोमवार को जन-संवाद एवं स्वल्पाहार कार्यक्रम का आयोजन जिला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा रहे। उन्होंने व्यापारियों एवं आमजनों से सीधा संवाद करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भावी विकास कार्यों की जानकारी दी। मंत्री वर्मा ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार अध्यक्ष अशोक जैन, तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष, सुनीता वर्मा जिला महिला मोर्चा भाजपा अध्यक्ष, चेंबर संरक्षक इंद्रकुमार जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र ठाकुर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चेंबर अध्यक्ष जुगल भट्टर ने किया। इस अवसर पर सुधीर अग्रवाल, कमल विश्नोई, संजू पटेल, नरेश भट्टर, पुष्पराज वर्मा, शशिकांत शुक्ला, नीलम सोनी, धीरज बाजवेयी, वंदना तिवारी, शिवानंद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में चेंबर के महामंत्री मुकेश रोहरा, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्षगण बद्री केशरवानी, ▶▶ शेष पेज 13 पर



### व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर समाधान का दिया आश्वासन

जन-संवाद के दौरान व्यापारियों ने नगर एवं व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें बाजार में ग्राहकों के लिए पार्किंग व्यवस्था, महिला एवं पुरुष शौचालय (पिंक टॉयलेट) की सुविधा, यातायात पुलिस द्वारा कथित अनावश्यक चेकिंग, दोपहर के समय ट्रक-ट्रैक्टर के लिए नो-एंट्री में छूट, अवैध वसूली पर रोक, भैसा पसरा क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण, चेंबर भवन हेतु भूमि, थोक बाजार के लिए कम से कम 10 एकड़ भूमि, सीमेंट फैक्ट्रियों के पीआरओ के साथ व्यापारियों की बैठक तथा दशहरा मैदान से बिरयानी-मटन बाजार को अन्यत्र स्थानांतरित करने जैसी मांगें शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप

### आज बलौदाबाजार में बंद रहेगी दुकानें

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र अंतर्गत आमाबेड़ा में जनजातीय समाज पर हुए कथित अत्याचार के विरोध में आज बलौदाबाजार में महाबंद का आह्वान किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को नगर के सर्व समाज की संयुक्त बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से पूरे दिन बंद रखने का निर्णय लिया गया। महाबंद के तहत बुधवार को सुबह से शाम तक नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें एवं संस्थान बंद रहेंगे। आयोजकों ने नगर के सभी व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रखकर इस जन आंदोलन में सहयोग प्रदान करें। महाबंद के दौरान सुबह बजरंग चौक से एक विरोध रैली निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गार्डन चौक तक पहुंचेगी। रैली के माध्यम से जनजातीय समाज पर हुए अत्याचार के विरोध में एकजुटता प्रदर्शित की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। इधर, बलौदाबाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी महाबंद को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। चैंबर अध्यक्ष जुगल भट्टर ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि समाज हित एवं न्याय की मांग को मजबूत करने के लिए सभी व्यापारी अपने-अपने संस्थान बंद रखकर महाबंद का समर्थन करें।

### आग तापने के दौरान मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। आग तापने के दौरान एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी पुनीराम लहरे पिता घासीराम लहरे (40 वर्ष) निवासी हेडसपाली ने बताया कि 21 दिसंबर को लगभग 10 बजे के आसपास में गांव में गुरुघासीदास जयंती कार्यक्रम हो रहा था, जिसमें देखने के लिए वह जैतखाम चौक गया हुआ था। जैतखाम के किनारे में कुछ लोग बैठकर आग ताप रहे थे, जिस पर वह भी आग तापने लगा।

## विरोध : भाटापारा में हजारों मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

# महामाया धान के अभाव में पोहा उद्योग ठप : भाटापारा में 175 मिलें बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

पोहा निर्माण के लिए मशहूर भाटापारा में इन दिनों संकट के बादल छाए हुए हैं। पोहा मिल मालिकों को उचित मूल्य व पर्याप्त मात्रा में मिल को चलाने महामाया धान नहीं मिलने के कारण पोहा मिल मालिकों ने मिले बंद कर दी, जिसके चलते स्थानीय कृषि उपज मण्डी में धान की खरीदी बिक्री पूरी तरह बंद हो गई है। मिल मालिकों का कहना है यहां से कम भाव 1800 से 2200 रुपए मे गुजरात नौसारी, बिहार में धान मिल रहा है, जबकि यहां उन्हें मण्डी में उंचे दर 3100 रूपए समर्थन मूल्य के भाव से धान खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनके पोहा की लागत भी ज्यादा आने से यहां के पोहा की डिमांड नहीं हो रही है।

### मिल मालिको की अनिश्चितकालीन हड़ताल



### मण्डी प्रशासन प्रतिदिन पोहा मिलों का स्टाक व्हेरीफिकेशन करा रहा

पोहा मिल संघ के अध्यक्ष रंजीत दावानी ने कहा कि यहां की पोहा मिल को चलाने के लिए प्रतिदिन उचित मूल्य व पर्याप्त धान नहीं मिलने से पोहा मिलों को अनिश्चितकालीन बंद कर हड़ताल पर चले गये हैं। वहीं दूसरी मण्डी प्रशासन द्वारा पोहा मिलों का स्टाक व्हेरीफिकेशन कराया जा रहा है, जो आज तक कभी नहीं कराया गया, जबकि पोहा मिल मालिक पोहा मिल के निरंतर संचालन के लिए धान का स्टाक रखते हैं। यहां पोहा मिल संचालन के लिए प्रतिदिन 60 से 70 हजार कट्टा धान की आवश्यकता होती है।



### शासन-प्रशासन का नहीं मिल रहा सहयोग

रंजीत दावानी का कहना है कि शासन प्रशासन का किसी भी प्रकार का सहयोग पोहा मिलर्स को नहीं मिल रहा है। वहीं मण्डी में 10 से 15 हजार कट्टा आ रहा था, वह भी प्रशासनिक नियम किसानों से ऋण पुस्तिका की बाध्यता के चलते मण्डी में धान की आवक एकदम घट गई। वहीं पोहा मिल वाले मण्डी से धान खरीदने के बाद आवश्यकतानुसार अधिक धान ट्रेडर्स व अन्य माध्यमों से करते थे, किन्तु प्रशासन की कड़ाई व जांच के चलते अतिरिक्त धान की व्यवस्था नहीं कर पा रहे थे। पोहा मिल में धान की रिसायकिलिंग नहीं की जाती। धान से केवल पोहा ही बनाया जाता है। पोहा मिल संघ ने शासन प्रशासन से उन्हें सहयोग करने की मांग की है। ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों से मण्डी में मोटे धान की खरीदी बिक्री बंद है।

### लगभग चार हजार मजदूरों के समक्ष रोजगार की समस्या

वहीं मिलर्स के सामने एक और समस्या पोहा मिल बंद होने से व मण्डी में खरीदी बिक्री बंद होने से हजारों मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या आ खड़ी हुई है। कृषि उपज मण्डी में कार्यरत रेजा, हमाल, तौलया, गाड़ी वाले लगभग 1000 मजदूर प्रतिदिन यहां काम करते हैं, जिनकी रोजी रोटी यहीं से निकलती है। आज मण्डी में खरीदी बिक्री व पोहा मिलें बंद होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। भाटापारा की 150 से 175 पोहा मिलों के लगभग 3500 से 4000 हजार मिल मजदूर मिल मिस्त्रीयों के समक्ष रोजगार की समस्या खड़ी हो गई।

### व्यापारी धान खरीदी नहीं कर रहे

मण्डी प्रांगण खुला है, किन्तु व्यापारियों द्वारा धान की खरीदी नहीं करने के कारण नीलामी का कार्य नहीं हो रहा है।

- चुन्नीलाल ध्रुव, मण्डी सचिव

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को नपं अध्यक्ष ने खिलाया बेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

जिला प्रवास पर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का शिवरीनारायण में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने परंपरागत रूप से उन्हें बेर प्रसाद स्वरूप भेंट कर खिलाया।

■ शिवरीनारायण की प्रदर्शनी बनी आकर्षक

कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत शिवरीनारायण द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रदर्शनी के माध्यम से धार्मिक नगरी शिवरीनारायण की ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व के साथ-साथ नगर में प्रस्तावित एवं चल रहे विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान प्रदर्शनी में नगर को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त बनाए रखने के प्रयासों, स्वच्छता अभियान तथा पर्यटन की अपार संभावनाओं की भी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शिवरीनारायण की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

# जुआ खेलते 6 गिरफ्तार सवा लाख रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा




क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिमगा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने जुआरियों के एक बड़े फड़ पर दबिश दी है। समाधान सेल से मिली सटीक सूचना के आधार पर ग्राम संजारी नवागांव में की गई इस कार्रवाई में 6 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस टीम ने जुआ फड़ की घेराबंदी कर आरोपियों के कब्जे से कुल 1,24,180 नकद और 52 पत्ती ताश बरामद किए हैं। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के जुआरियों में हड़कंप मचा है।

पकड़े गए आरोपियों में अजय धृतलहरे 19 वर्ष ग्राम लिमतरा सिमगा, रामेश्वर वर्मा 35 वर्ष ग्राम खैरा नांदघाट बेमेतरा, ऐस कुमार निषाद 20 वर्ष ▶▶ शेष पेज 13 पर

# खाद्य विभाग की टीम ने जांच के लिए मिठाई एवं बेकरी का लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



क्रिसमस व नये साल को देखते हुए ग्राहकों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु लगातार नमूना संकलन व निरीक्षण का कार्य खाद्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य संस्थानों का निरीक्षण एवं जांच कर सैंपल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भेजा गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा ने बलौदाबाजार में स्थित माय बेकर्स से ब्लैक फॉरेस्ट केक, लाला डेयरी से पनीर तथा होटल पार्क प्लाजा से बेज बिरयानी तथा दाल फ्राई का नमूना लिया। संध्या महिलांग ने भाटापारा स्थित द केक बॉक्स से चॉकलेट केक तथा सिमगा स्थित संगम डेयरी से पनीर, मीठा दही व दूध का नमूना संकलन किया गया है। उक्त खाद्य पदार्थ का नमूना संकलन कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

# सुशासन समाधान शिविर में कई प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

सिमगा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिहा में आयोजित सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य दीप्ति गोविंद वर्मा, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, अनील पांडे, हेम सिंह चौहान, जनपद खोंमलाल साहू, डोमार सिंह मार्कंडेय, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



अतिथियों द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों में जाकर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। जनप्रतिनिधियों ▶▶ शेष पेज 13 पर

## चारों विधानसभा में 8 लाख 21 हजार 443 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक सूची में दर्ज

# एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को एसआईआर के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या एवं इससे संबंधित जानकारी दी। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन की सूची सीडी एवं हार्ड कॉपी प्रदान की गई ।

■ कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि निर्वाचक नामावली के आज प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत प्रारंभिक सूची में सम्मिलित मतदाता दावा एवं आपत्ति 22 जनवरी तक प्रस्तुत कर सकेंगे। दावा एवं आपत्ति में प्राप्त वास्तविक एवं पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कर पुनः मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए मतदाताओं के नाम केवल एक ही स्थान पर शामिल किए जाएंगे। दावा-आपत्ति की सूची सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट में भी अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा ईआरओ द्वारा नोटिस जारी करने एवं सुनवाई की समय-सीमा आज से 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदाताओं एवं सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता से जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ , 444 कसडोल, 45 बलौदाबाजार एवं 46 भाटापारा में कुल 8 लाख 21 हजार 443 मतदाताओं ने अपने गणना पत्र जमा करवाए जिनका नाम प्रारम्भिक प्रकाशन सूची में सम्मिलित हैं। इनमें 4 लाख 16 हजार 204 पुरूष मतदाता, 4 लाख 5 हजार 226 महिला मतदाता और 13 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। विधानसभा बिलाईगढ़ अंतर्गत 140 मतदान केन्द्र, पुरुष मतदाता 47479, महिला 45983, तृतीय लिंग 1 कुल मतदाता 93463, विधानसभा कसडोल अंतर्गत 433 मतदान केन्द्र, पुरुष मतदाता 171681,महिला 165583, तृतीय लिंग मतदाता 1, कुल 337265 मतदाता,विधानसभा बलौदाबाजार अंतर्गत 220 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 81296, महिला 80782,कुल 162078 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र भाटापारा अंतर्गत 312 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 115748, महिला 112878,तृतीय लिंग 11, कुल 228637 मतदाता।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिनके गणना प्रपत्र विभिन्न कारणों से अप्राप्त रहे ऐसे कुल 1 लाख 30 हजार 112 मतदाता है जिसमें 30 हजार 789 मतदाता मृत ▶▶ शेष पेज 13 पर

# महानदी में मिली महिला की लाश, इलाके में सनसनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

गिधौरी-शिवरीनारायण महानदी नदी में एक महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी अनुसार स्थानीय लोगों ने नदी में शव देखे जाने की सूचना तुरंत पुलिस को दी, जिसके बाद शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों और ग्रामीण इलाकों में पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला कहा की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हर पहलू पर पुलिस की नजर बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक

बलौदाबाजार। भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम जिला-धमतरी में प्रदेश के समस्त 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिये अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जिन्होने 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी।भर्ती में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवार एडमिट कार्ड, आधार कार्ड जो मोबाइल से लिंक है तथा वे समस्त दस्तावेज जो रैली अधिसूचना में उल्लेखित है के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत

**महासमुंद**। अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत के मामले में सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक अश्वनी भोई पिता तिहारू भोई (36 साल) नवरंगपुर थाना सरायपाली एवं मृतक सोहनदास मानिकपुरी पिता स्व घासीदास मानिकपुरी (50 वर्ष) कोसमपाली हाल पता नवरंगपुर के मौत को लेकर जांच की गई। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक अश्वनी भोई 21 दिसंबर की शाम करीब 40 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीसी 6490 में सोहनदास मानिकपुरी के साथ अपने बच्चे का आधारकार्ड बनवाने ग्राम बिरकोल च्वाईस सेंटर गया था। शाम करीब 5:30 बजे ग्राम बिरकोल से अपने मोटर सायकल से सोहनदास मानिकपुरी के साथ वापस घर आ रहा था, ग्राम अमलीडीपा बिरकोल रोड रोहिना तालाब के पास पहुंचने पर सामने से अज्ञात पिकअप के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### खेत में पानी छोड़ने को लेकर विवाद, मारपीट

महासमुंद। खेत में पानी छोड़ने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जीतराम नायक ग्राम राजासेवैया खुर्द ने बताया कि वह गांव के प्रमोद मिश्रा के खेत को रेगहा में लेकर रबी फसल बोने के लिये 23 दिसंबर को सुबह लगभग 7 बजे खेत गया था। खेत में पानी ज्यादा होने से नीचे का खेत में छोड़ा। यह जो नरेश नायक का है, और उसमें सत्यप्रकाश उर्फ राकेश पटेल रेगहा फसल लगाता है। इसी दौरान सत्यप्रकाश उर्फ राकेश पटेल ने मेरे रेगहा वाले खेत में क्यों पानी छोड़ रहे हो कहकर मना करने लगा, उसने कहा कि उसका खेत ऊपर है, है इसलिए पानी छोड़ रहा हूं कहा। जिस पर सत्यप्रकाश ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली को नख के पास से अपने दांत से काट कर अलग कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गणित के मूलभूत क्रियाओं को बताया

**अरंड (पिथौरा)**। मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत संकुल केंद्र ठकुरदियाखुर्द के प्रभारी प्राचार्य अक्षय कुमार साहू द्वारा संकुल के विभिन्न प्राइमरी और मिडिल स्कूल में गणित को रुचिकर एवं सरल बनाने के लिए छात्रों को गणित विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इसके लिए प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार रोजमर्रा हम गणित का प्रयोग करते है। बच्चों को धाराप्रवाह पहाड़ा याद करने के लिए प्रेरित किया गया।

# श्री राम कथा में उमड़ा जनसैलाब, छोटा पड़ा दशहरा मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के ऐतिहासिक दशहरा मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवें दिन भक्ति और श्रद्धा का ऐसा विराट संगम देखने को मिला। विशाल दशहरा मैदान भी श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने छोटा पड़ गया। हजारों की संख्या में उमड़े भक्तों ने जय श्री राम के जयघोष से संपूर्ण नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कथा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए वह क्षण विशेष रूप से अविस्मरणीय रहा, जब कैबिनेट मंत्री

## मंत्री टंकराम वर्मा के भजनों ने बांधा समां





### चंद्रकलाजी ने कराया केवट प्रसंग का रसपान

कथाकार चंद्रकला ने केवट प्रसंग का सजीव वर्णन किया। उन्होंने बताया कि केवट का प्रेम और निष्काम भक्ति इतनी पवित्र थी कि उसने स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को भी भावुक कर दिया। प्रभु के चरण पखारने का सौभाग्य पाने वाले केवट के समर्पण और श्रद्धा का वर्णन सुनकर श्रोताओं की आंखें सजल हो उठीं।


टंकराम वर्मा ने स्वयं व्यासपीठ के समीप उपस्थित होकर अपनी सुमधुर वाणी में श्रीराम भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भक्तिमय भजनों पर पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। मंत्री की इस प्रस्तुति ने आयोजन की भव्यता को और भी बढ़ा दिया।

**भक्ति और श्रद्धा का ऐतिहासिक समागमः** पांचवें दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर नजर आया। पंडाल पूरी तरह भर जाने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग मैदान के बाहर खड़े होकर कथा श्रवण करते दिखाई दिए। बढ़ती भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति एवं प्रशासन को व्यवस्था संभालने में विशेष प्रयास करने पड़े।

## अंबुजा विद्यापीठ रवान में 34वां वार्षिक उत्सव स्पेक्ट्रा संपन्न

# नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से सामाजिक एवं पर्यावरणीय दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






अंबुजा विद्यापीठ रवान में विद्यालय का 34वां वार्षिक उत्सव 'स्पेक्ट्रा' संपन्न हुआ। यह आयोजन शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के त्रिवेणी संगम का सशक्त उदाहरण बना, जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सर्वांगीण विकास का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। इस दौरान राज्य गीत की प्रस्तुति दी गई। सुरक्षा के प्रति सजगता का परिचय देते हुए कंप्यूटर विभागाध्यक्ष संदीप बसु द्वारा सुरक्षा निर्देश प्रस्तुत किए गए तथा विद्यार्थियों ने सेफ्टी सॉन्ग के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत गीत ने पूरे सभागार को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सत्र 2024–25 की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, खेलकूद, विज्ञान, कला, साहित्य, सामाजिक सेवा एवं नवाचार से जुड़ी गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दीपक सोनी कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, मुख्य अतिथि जगदीश बर्मन क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई रायपुर तथा वंदनीय अतिथि एस. आर. तिर्की चीफ प्लांट मैनेजर अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधनों में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्य एवं सामाजिक दायित्व का समावेश आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय के अनुशासित वातावरण और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहन मिला।

विभिन्न कक्षाओं द्वारा प्रस्तुत थीम आधारित बॉलीवुड नृत्य, ऋतु नृत्य, लोकनृत्य, म्यूजिकल रॉक बैंड, यूनिटी एंड डाइवर्सिटी, नेचर डांस ने सामाजिक एकता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। देवलोक पर साइबर अटैक विषय पर आधारित हिंदी नाटक ने साइबर सुरक्षा जैसे समसामयिक विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

# सोहागपुर में किसानों को बांटे गए तिलहन बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला

नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयलसीड्स योजना के तहत ग्राम सोहागपुर में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को दलहन-तिलहन की खेती के प्रति प्रोत्साहित करना और खाद्य तेलों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाना है।

■ पराली न जलाने और फसल विविधीकरण की दी गई सलाह

बीज वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी-अनिल साहू और ग्राम सरपंच हेमलता साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय किसान मौजूद रहे, जिन्हें उन्नत किस्म के तिलहन बीज वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (बिलाईगढ़) केके साहू ने किसानों को महत्वपूर्ण तकनीकी सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में बची हुई पराली (पलारी) को बिल्कुल न जलाएं। आग लगाने से जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है।

पराली को खेत में ही सड़ाने के लिए 'वेस्ट डी-कंपोजर' का छिड़काव करें, जिससे वह जैविक खाद में बदल जाए। धान के बदले अन्य वैकल्पिक और लाभप्रद फसलें लगाने की दिशा में आगे बढ़ें। बीज वितरण और किसान मार्गदर्शन के इस अभियान में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवेश निराला, कुलदीप नायक, मनोज कुमार और ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर प्रकाश कुमार थवाईत सहित कृषि विभाग का अमला सक्रिय रहा।

# कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम संयोजक अन्नू केवरा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राष्ट्रीय गणित दिवस के महत्व तथा श्रीनिवास रामानुजन के शोध कार्यों, समीकरणों एवं गणितीय सूत्रों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर छात्र ब्यासनारायण बीए तृतीय वर्ष, आशी एवं देविका बीएससी तृतीय वर्ष ने गणित विषय को लेकर अपने विचार सहज, सरल एवं तार्किक ढंग से प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राध्यापकों पंकज साहू भूगोल, उमाशंकर भारद्वाज भौतिकी, डॉ. ज्योति शर्मा राजनीति विज्ञान एवं रेशम चौहान हिंदी ने गणित के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने गणित को जीवन के दैनिक कार्यों से जोड़ते हुए इसे सबसे उपयोगी विषय बताया।

■ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज, पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण टीकाराम चौहान, लेविस कुमार, डॉ. सुमनलता राठौर, नरेंद्र राकेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रयोगशाला तकनीशियन शुभम तिवारी एवं रौशन पटेल के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम प्रभारी अन्नू केवरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### साढ़े चार लाख का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद**। गांजा के अवैध परिवहन के मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने महाराष्ट्र निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए का नौ किलो गांजा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार में बैठे व्यक्ति ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ समय बाद एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमएच 49 बीजेड 4608 आई, जिसे रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम ऋषिराज ठाकुर पिता अरविंद ठाकुर (21 साल) बिना विनय सिंह ठाकुर मकान नंबर 28 कलमना मार्केट रोड इंडियन पेट्रोल पंप बैक साईट वैभव लक्ष्मी नगर उपरवाली थाना कलमना जिला नागपुर महाराष्ट्र तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम उमेश वानखेडे पिता अशोक वानखेडे (31 साल) रामटेक मंगरवारी थाना रामटेक जिला नागपुर महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। वहीं वाहन के पीछे सीट में रखे बोरी के बारे में पूछताछ करने पर वे गोलमोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछने पर बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताये तथा उक्त गांजा को ओडिशा से नागपुर ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 किलोग्राम गांजा कीमत 450000 रुपए, हुंडई औरा कार कीमत 600000 रुपए कुल 10,40000 रुपए को जब्त किया।

# गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का दिया महामंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड के ग्राम चौरेंगा में आयोजित गुरु घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम में पधारे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जैतखाम में पूजा-अर्चना कर सतनाम भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने हमें सत्य अहिंसा समानता और मानवता का संदेश दिया है।

■ चौरेंगा में आयोजित गुरु बाबा की जयंती में शामिल हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल

हमारी कांग्रेस सरकार के समय बाबा के बताए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश की जनता की सेवा किए। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार किसानों को परेशान करने का कार्य कर रही है। चुनाव पूर्व बड़ी-बड़ी घोषणा कर चुनाव तो जीत लिए, लेकिन जब किसानों की धान खरीदने का समय आया तो धान कम खरीदना पड़े। इसलिए उत्पादन को प्रभावित करने के लिए सोसायटी एवं बाजार से रासायनिक खाद की कमी कर दी और गौठानों को भी बंद कर दिया, ताकि खेतों में रासायनिक खाद और न ही वर्मी खाद पहुंच सके। साथ ही पूरे प्रदेश में 5 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि का रकबा कम कर दिया। किसान रकबा सुधरवाने पटवारी तहसील कार्यालय एवं चॉइस सेंटर के चक्कर लगाने मजबूर हैं। किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है । धान खरीदी प्रारंभ हुए एक माह हो गया है, लेकिन अब तक मात्र 47 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। कार्यक्रम को विधायक इन्द्र साव एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच विलियम धृतलहरे ने विधायक इन्द्र साव से दामाखेड़ा से चौरेंगा तक सड़क निर्माण यादव समाज भवन मेहर समाज भवन एवं आदि विकास कार्य की मांग रखी जिस पर विधायक ने धीरे-धीरे सभी कामों को पूरा करने करने की बात कही। कार्यक्रम के समापन उपरांत भूपेश बघेल एवं उनके साथियों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे के निवास में तीवरा भाजी का स्वाद चखा और उसकी तारीफ किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़े छोटे कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताया

# रासेयो शिविर में छात्रों ने किया रचनात्मक और सृजनात्मक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में ग्राम असौंदा में रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इस शिविर में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, वृक्षारोपण, योग, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ग्राम असौंदा में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

नशा मुक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

वृक्षारोपण- पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जा रहा है। योग और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

शिविर स्थल में निःशुल्क चिकित्सा मुहैया भी ग्रामवासी को कराया -शिविर के द्वितीय दिवस ग्राम असौंदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में अंकुर हॉस्पिटल की टीम डॉक्टर गुलाब टिकरिहा अंकुर हॉस्पिटल संचालक, अपेक्षा कोटांगले स्त्री रोग विशेषज्ञ, गोरेलाल कुंभकार लैब टेक्नीशियन, युवराज वर्मा फार्मासिस्ट, अमिका साहू स्टॉफ नर्स ने ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। चिकित्सकीय टीम ने रक्तचाप, शुगर, वजन और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। इस शिविर में 80 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविर स्थल में अपेक्षा कोटांगले ने महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# शैक्षिक भ्रमण में सोनाखान-गिरौदपुरी पहुंचे मॉडर्न स्कूल के छात्र



**बिलाईगढ़**। दिव्य शक्ति मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल सोनाखान एवं गिरौदपुरी का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सतनाम पंथ के प्रणेता बाबा गुरु घासीदास के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

गिरौदपुरी स्थित मंदिर परिसर में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पंथी गीतों पर मनमोहक पंथी नृत्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं और दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने न केवल सतनाम संस्कृति की झलक दिखाई, बल्कि अनुशासन, एकता एवं परंपरा के प्रति सम्मान का संदेश भी दिया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना था, जिसमें विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर दिव्य शक्ति मॉडर्न स्कूल के डायरेक्टर गोविंद पाटले, प्रेक्षणा पाटले, शोभा महंत, अनीता केंवट, शुशील पाटले, दिनेश पाटले तथा पत्रकार राजकुमार जांगड़े सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### पार्षद ने की पट्टा नियमों में सुधार कर गरीबों को आवास देने की मांग

**महासमुंद।** शहर के सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 22, 23 और 24 के रहवासियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पत्र लिखकर नियमों में संशोधन की मांग की है। बेलदार ने बताया कि पूर्व में आवंटित भू-अधिकार पट्टों के क्षेत्रफल का तकनीकी दायरा (250-2500 श्रेणी) हितग्राहियों के लिए बड़ी बाधा बन गया है। इस क्षेत्रफल विसंगति के कारण कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। चंद्रशेखर बेलदार ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि पट्टे के क्षेत्रफल के दायरे को कम कर हितग्राहियों को विशेष छूट प्रदान की जाए।

### महासमुंद में प्लेसमेंट कैंप आज

**महासमुंद।** स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन/रोजगार कार्यालय महासमुंद द्वारा आज एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप मचेवा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित रोजगार कार्यालय परिसर महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन रोजगार पंजीयन के साथ-साथ प्लेसमेंट कैंप के लिए पंजीयन करना अनिवार्य है।

### विनोद कुमार शुक्ल का निधन हिंदी कविता की अपूरणीय क्षति

**पलारी।** छत्तीसगढ़ की साहित्यिक धरोहर, भारतीय ज्ञान पीठ पुरस्कार से सम्मानित, हिंदी के गौरव विनोद कुमार शुक्ल का निधन हो गया।



उनके निधन पर युवा कवि दीपक कुमार तिवारी ने इसे हिंदी कविता की अपूरणीय क्षति बताया है। अंचल के साहित्यकारों में शुक्लजी के निधन से शोक का माहौल है। उनकी रचनाओं से समाज को एक नई दिशा मिली है। समाज के लिए उनकी कविताएं हमेशा प्रेरणा दाई रहेंगी। उनका जाना छत्तीसगढ़ सहित देश भर के लिए अपूरणीय साहित्यिक क्षति है। उनकी प्रमुख रचनाएं नौकर की कमीज, सब कुछ होना बचा रहेगा, दीवार में एक खिड़की रहती थी हैं। श्री शुक्ल ने रायपुर के एम्स अस्पताल में मंगलवार को अंतिम सांस ली।

## पेज 11 के शेष

### छत्तीसगढ़ सरकार के...

हेमंत केशरवानी, राजू गुप्ता, उमेश अग्रवाल सहित चेंबर के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं के.के. वर्मा द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई, जिससे आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

### एसआईआर के तहत...

, 68 हजार 900 मतदाता स्थानांतरित, 10 हजार 91 मतदाता पहले से पंजीकृत व 19 हजार 791 मतदाता अनुपस्थित रहे तथा 541 अन्य कारणों से अप्राप्त रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जुआ खेलते 6...

ग्राम चौरेंगा सिमगा, कांशी राम गेण्डरे 60 वर्ष ग्राम मांढर खुर्द सिमगा, भीमसेन (39 वर्ष बजरंग चौक नांदघाट बेमेतरा और ओंकार कुंजाम 42 वर्ष नांदघाट बेमेतरा शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### सुशासन समाधान ...

ने कहा कि सुशासन समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरल पारदर्शी एवं त्वरित प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# विदेशी पर्यटकों को भायी बारनवापारा अभयारण्य की खूबसूरती

## वन विभाग के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर बन रही बारनवापारा की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के वनों की खूबसूरती और जैव विविधता निराली है, जिसके आकर्षण से विदेशी पर्यटक भी अछूते नहीं हैं। विगत दिनों यूरोप के लातविया से सुश्री बाइबा कालनीना बलौदाबाजार जिले में स्थित बारनवापारा-अभयारण्य पहुंची। बाईबा ने यहां प्रकृति के बीच कुछ शांति के पल बिताए। उन्होंने यहां वन्यजीवों को नज़दीक से देखा। अभयारण्य में उन्होंने भालू, गौर, कृष्णमृग, सांभर, स्पॉटेड डियर देखे जो अपने प्राकृतिक आवास में बेधड़क विचरण कर रहे थे। सुश्री बाईबा यहां के प्राकृतिक सुंदरता, वातावरण, फ्लोरा फ़ौना और वन्यजीवों और प्रबंधन की सराहना की।



### नैसर्गिक सुंदरता देख पर्यटक हुए मंत्र मुग्ध

साथ ही यहां 200 से अधिक प्रजातियों की पक्षियों की उपस्थिति प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण है। छत्तीसगढ़ का प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य बारनवापारा, जो 1 नवम्बर से पुनः पर्यटकों के लिए खोला गया है, अब पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। अपनी समृद्ध जैव विविधता, मनमोहक प्राकृतिक वातावरण और रोमांचकारी सफारी अनुभव के कारण यह अभयारण्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। पर्यटकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस वर्ष सफारी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया गया है। अभ्यारण्य में प्रवेश हेतु तीन मुख्य गेट रवान, पकरीद और बरबसपुर से सफारी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही विशेष लेपर्ड सफारी जोन भी तैयार किया गया है, जहां तेंदुआ दर्शन की संभावनाएं अत्यधिक हैं और यह जोन पर्यटकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा बारनवापारा अभयारण्य में सुरक्षित एवं सतत इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। यहां स्थानीय समुदायों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पर्यटन, संरक्षण एवं आजीविका तीनों के बीच संतुलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य शासन और वन विभाग के प्रयासों से प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। अभ्यारण्य में तेंदुआ, भालू, गौर, कृष्णमृग, सांभर, जंगली सूअर सहित अनेक प्रमुख वन्य जीवों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है।

## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# जेम पोर्टल पर खरीदी प्रक्रिया में बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जेम पोर्टल पर खरीदी प्रक्रिया में सतर्कता एवं पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण का संकल्प दिलाया।



कलेक्टर सोनी ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरुप शासकीय खरीदी में भण्डार क्रय नियम का कड़ाई से पालन करें। जेम पोर्टल पर टेंडर की प्रक्रिया सावधानी पूर्वक किया जाए। उन्होने बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अवैध धान पर सख्त कार्यवाही करने, धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने नोडल अधिकारियों द्वारा किये जाने वाले साप्ताहिक निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर एवं भौतिक रूप से उपस्थिति का मिलान कर रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिये।राजस्व के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र तैयार करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही हेतु मिष्ठान्न एवं बेकरी प्रतिष्ठानों में नियमित रूप से जांच अभियान चलाने के निर्देश खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिये। इसी तरह अवैध शराब निर्माण एवं भण्डारण पर भी नियमित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपीग्राम्स, समय - सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये।बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# आर्थिक वृद्धि के लिए सरसो-सूरजमुखी-अलसी की खेती करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन एनएमईओ भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। जिसका लक्ष्य तिलहन की खेती को बढ़ावा देकर खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो और किसानों की आय बढ़े। इसके तहत 2024-25 से 2030-31 तक तिलहन और पाम ऑयल दोनों क्षेत्रों को कवर किया जाएगा, जिसमें तिलहन उत्पादन को 39 मिलियन टन से बढ़ाकर 69.7 मिलियन टन और पाम ऑयल उत्पादन को 2025-26 तक 11.20 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, सूरजमुखी और पॉम जैसे तिलहन शामिल हैं।

■ जिले में तिलहन मिशन के तहत उत्पादन बढ़ाने की पहल



उप संचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में योजना अंतर्गत सरसों 800 हेक्टेयर, अलसी 40 हेक्टेयर एवं सूरजमुखी 60 हेक्टेयर की फसलों को बढ़ावा देने हेतु कुल 900 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रदर्शन आयोजित की गई है। साथ ही जिले में कार्यरत कृषक उत्पादन संगठन-किसान कल्याण उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बलौदाबाजार को व्हीसीपी के रूप में चयनित कर बीज वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण का कार्य तकनीकी एजेंसी कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा के माध्यम से किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मिट्टी परीक्षण से लेकर फसल उत्पादन की उचित सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। विभागीय मैदानी अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की पोर्टल कृषि मैपर के माध्यम से किसानों की जानकारी संधारित की जा रही है तथा किसानों को डिजिटल क्राप सर्वे एवं फसल गिरदावरी में अनिवार्य रूप से फसलों की प्रविष्टि कराये जाने हेतु जानकारी प्रदान की जा रही है।

योजना का प्रमुख उद्देश्य खाद्य तेलों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना, जो वर्तमान में लगभग 57 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। इसके साथ तिलहन और पाम ऑयल दोनों के उत्पादन और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करना। तिलहन उत्पादन करने वाले किसानों की आय में सुधार करना तथा आयात में कमी कर आयातित खाद्य तेलों पर निर्भरता कम करके विदेशी मुद्रा बचाना।

# जीएनए कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. मिंज हटाए गए, डॉ. अशोक को नई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

### राजनीतिक व प्रशासनिक दबाव का असर

जनभागीदारी अध्यक्ष के साथ हुए विवाद और उसके बाद सत्तापक्ष के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंची शिकायत को डॉ. मिंज को हटाए जाने का मुख्य कारण माना जा रहा है। शासन ने इस विवाद को शांत करने और कॉलेज के शैक्षणिक व प्रशासनिक वातावरण को सुचारू बनाने के लिए यह त्वरित निर्णय लिया है।

शासकीय जीएनए पीजी महाविद्यालय के प्रशासनिक गलियारे से बड़ी खबर सामने आई है। आयुक्त, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ ने एक आदेश जारी कर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उनके स्थान पर वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक वर्मा को नया प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करते हुए आहरण एवं संवितरण का अधिकार सौंपा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई डॉ. मिंज के विरुद्ध मिली शिकायतों के आधार पर की गई है। बीते दिनों महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रेणिक गोलछा ने डॉ. मिंज पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गोलछा ने उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा से लिखित शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी।

नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक वर्मा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके पास अब कॉलेज के वित्तीय और प्रशासनिक प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी होगी। इस बदलाव के बाद कॉलेज स्टाफ और छात्रों की नजरें अब आगामी व्यवस्थाओं पर टिकी हैं।

# गुरु घासीदास जयंती पर सेवा, संस्कार और स्वास्थ्य का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

ग्राम पंचायत भिनोदा में इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा और सेवा भावना के साथ मनाई गई। आयोजन में पूरे गांव का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां सामाजिक समरसता, संस्कृति और जनसेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों को समर्पित पंथी नृत्य से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इस अवसर पर गांव के युवाओं द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए शिक्षा को प्रोत्साहन देने का अनुकरणीय कदम उठाया गया। शासकीय विद्यालय भिनोदा में कक्षा 1 से 8वीं तक अध्ययनरत उन विद्यार्थियों को, जिन्होंने पिछले सत्र में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का भी कार्यक्रम रखा गया। यह पहल न केवल बच्चों में प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाएगी, बल्कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को भी सशक्त करेगी। इस प्रेरक कार्य में सहयोग देने वालों में गोपी अजय, जवाहिर लहरे, पारस जांगड़े, नीलेश सोनवानी, हरीश निराला एवं रविंद्र नाथ निराला का विशेष योगदान रहा जिनकी सामाजिक सहभागिता की ग्रामीणों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। मेडिकल कैंप के सफल आयोजन में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी फिरत राम निराला का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने देखा मैनपाट का प्राकृतिक सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शैक्षणिक भ्रमण के तहत आई सेक्ट कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र पलारी के 100 छात्रों ने मैनपाट का भ्रमण किया। संस्था प्रमुख जानिक राम वर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने प्राकृतिक दृश्यों, झरनों, उल्टा पानी, टाइगर पॉइंट, और दलदल भूमि का अवलोकन किया, विद्यार्थी प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पहुंचकर आनंदित और रोमांचित हुए।इसके अलावा, उन्होंने कोरबा में सर्वमंगला माता रानी का दर्शन भी किया। छात्रों ने बताया कि पढ़ाई के साथ दोस्तों के साथ घूमना एक अनोखा अनुभव था। भ्रमण में शिक्षिका अंजली, रेणुका, संगीता एवं छात्रों में ऐश्वर्या, लीना, विदया, भूमिका, एकता, निधि, लोकेश, आकाश, शैलेन्द्र, धीरज, मुकेश, साहिल, संदीप, पारसमणी, अजय, अमीर, तरुण,आर्यन, रेखा, शिवानी, मोनिका, सत्या, नीलिमा, मेघा, गायत्री, कामिनी, हर्षना, एवं कई छात्र शामिल थे।



# कलेक्टर ने ली डीपीएमयू की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में डीपीएमयू की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को ध्यान में रखतें हुए उनकें सफल क्रियान्वयन हेतु एफएलएन प्रोजेक्ट के संचालन पर चर्चा किया गया। यह कार्य योजना 03 से 09 वर्ष के बच्चों को आधारभूत बुनियादी शिक्षा एवं गणितीय कौशल देने पर आधारित है।नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिया गया। बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एफएलएन के निर्धारित लक्ष्यों को सत्र 2026-27 तक प्राप्त किये जाने हेतु कार्य योजना पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिले के सभी स्कूलों में संचालित योजनाएं बालवाडी, मुस्कान पुस्तकालय , पीयर लर्निंग, कबाड़ से जुगाड़, दिवार पत्रिका, सामुदायिक सहभागिता, बैगलेस डे, जादुई पिटारा, इतिहास लेखन, विद्यार्थी विकास सूचकांक आदि विस्तृत कार्य योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, सीएमओ, के.के. गुप्ता, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, जिला नोडल अधिकारी जहीर अब्बास, डी.पी.एम.यू. केशव प्रसाद चन्द्रा एवं भावना वर्मा उपस्थित थे।

## श्रमिक एकता ने दिलाई निर्णायक जीत

# संयंत्र के श्रमिकों की 10 मांगें पूर्ण, हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ मजदूर सीमेंट संघ (इंटक) के आह्वान पर ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र में श्रमिकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर 10 दिसंबर से जारी टूल डाउन हड़ताल आखिरकार 13 दिनों बाद 22 दिसंबर को सफलतापूर्वक समाप्त हुई। सभी प्रमुख मांगें स्वीकार किए जाने के बाद कंपनी प्रबंधन को समझौता करना पड़ा, जिससे श्रमिकों ने इसे एक ऐतिहासिक और निर्णायक जीत बताया।



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं श्री सीमेंट इंटक यूनियन अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों एवं माइंस कर्मचारियों ने कड़ाके की ठंड के बावजूद दिन-रात अपने परिवारों के साथ संयंत्र के मुख्य द्वार पर डटे रहकर आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाया। नेतृत्व पर अटूट विश्वास, अनुशासन और संघर्षशील एकता के कारण कंपनी प्रबंधन को अंततः श्रमिकों की मांगों के आगे सहमति देनी पड़ी।

धरना अवधि के दौरान आंदोलन को कमजोर करने के लिए श्रमिकों एवं कर्मचारियों को काम से निकालने के नोटिस, कारण बताओ नोटिस, नेतृत्व पर कानूनी कार्यवाही तथा असंवैधानिक तरीके से संयंत्र में तालाबंदी लॉकआउट जैसी कार्रवाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद श्रमिकों की एकजुटता बनी रही और हड़ताल नहीं टूटी।

इस आंदोलन में इंटक यूनियन के उपाध्यक्ष दिलीप यदु, महासचिव देकराम यादव, कोषाध्यक्ष लोकनाथ साहू सहित रामा रजक रूपेश कश्यप योगेश पांडे यशवंत यदु ईश्वर साहू नेतराम वर्मा दीपक वर्मा हेमू रूपेंद्र टंडन हरि पाटकर दीपक बघेल पुरुषोत्तम वर्मा, दिलकुमार, लीलू श्रवण वीरसिंह वर्मा सहित लगभग 1100 श्रमिक एवं 250 कर्मचारी शामिल रहे।

# मुंबई सफेमा कोर्ट के आदेश पर राकेश वर्मा की 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**खरोरा।** नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ रायपुर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी वित्तीय कार्रवाई की है। थाना खरोरा अंतर्गत गांजा तस्करी के मामले में फरार मुख्य आरोपी राकेश वर्मा और उसके परिजनों द्वारा अवैध कमाई से अर्जित 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को सफेमा कोर्ट मुंबई के आदेश पर जब्त कर लिया गया है। बीते 20 मई को पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम छडिया में दबिश देकर आरोपी मोहन सिंग कोशले को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 27.894 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 4.18 लाख रुपये बरामद किया गया था। पूछताछ में मोहन ने खुलासा किया कि जब्त गांजा ग्राम खपरीडीहखुर्द निवासी राकेश वर्मा का है। तभी से मुख्य तस्कर राकेश वर्मा फरार चल रहा है।

### अवैध कमाई से खड़े किए थे 13 प्लॉट

थाना प्रभारी खरोरा ने आरोपी राकेश वर्मा द्वारा गांजा तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति का विस्तृत प्रतिवेदन सफेमा कोर्ट मुंबई को प्रेषित किया था। जांच के बाद सफेमा कोर्ट ने संपति जब्ती का आदेश जारी किया। इसके तहत पुलिस ने ग्राम खपरीडीहखुर्द में आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर दर्ज 13 अलग-अलग प्लॉट (भूमि) को कुर्क कर लिया है। बाजार में इन जमीनों की कुल कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### सर्वा में गायत्री महायज्ञ 28 दिसंबर से

**सेल।** ग्राम पंचायत सर्वा में 28 से 31 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन रखा गया हैं। पहले दिवस मांगलिक कलश यात्रा 28 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्रज्ञा पुराण स्थापना एवं महात्म्य मानव जीवन की गौरव गरिमा एवं आत्मकल्याण उसी दिन दोपहर 3 बजे से परिवार खंड नारी जागरण। 29 दिसंबर को सुबह 9 बजे से शिशु संस्कार भात्रि प्रेम जीवन में परिवार का महत्व। ज्ञान, कर्म, भक्ति 30 दिसंबर को सुबह 9 बजे अवतार परंपरा एवं हनुमंत कैकेयी भरत चरित्र शबरी जटायु, केवट प्रसंग एवं दीप महायज्ञ 30 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक। 31 दिसंबर को यज्ञ संस्कार पूर्णाहुति समापन एवं विदाई होगा। आयोजक अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार सर्वा एवं समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हैं। जिसमें अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री प्रज्ञा पीठ कटगी, सर्वा, छेछर, मल्दा, बैजनाथ, विकासखंड कसडोल जिला बलौदाबाजार भाठापारा के शामिल हैं।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम बेलटिकरी में एक बाड़ी से हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी शुकलाल चौहान पिता सहानी चौहान (35 साल) के कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 7000/ रुपए को जब्त कर आरोपी के धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## निधन

### तरूणा त्रिपाठी

पलारी। नगर पंचायत के वार्ड नं 7 निवासी वरिष्ट कांग्रेस नेता तरुण त्रिपाठी (धन्ना) का मंगलवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वह सेवानिवृत्त शिक्षक यादव प्रसाद त्रिपाठी के पुत्र तथा दिव्यम त्रिपाठी, सचिन त्रिपाठी के पिता थे।

### फिरंता दास मधुकर



**बलौदाबाजार।** ग्राम मल्दी निवासी 85 वर्षीय फिरंता दास मधुकर का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे महेंद्र मधुकर, आरआई बलौदाबाजार, दसरूराम मधुकर के पिता और सुशील, गोविंदा, निरंजन, राज मधुकर, नीलकंठ मधुकर के दादाजी थे। उनके अंतिम संस्कार के अवसर पर बड़ी संख्या में रिश्तेदार एवं समाज जन सहित विभिन्न विभागों अधिकारी कर्मचारीगण शामिल हुए।

### गुनमत बाई वर्मा



**सुहेला।** स्थानीय पुरानी बस्ती निवासी गुनमत बाई वर्मा 93 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वह ग्राम बैगा स्व. नारायण वर्मा, भरत वर्मा के माताजी तथा संतोष, राजेश, होलेन्द्र, राजा वर्मा की दादी मां थीं। उनके अंतिम संस्कार यात्रा में स्वजाति बंधु सहित सैकड़ों ग्रामवासी शामिल हुए।

## राम जानकी मंदिर में नवधा रामायण प्रारम्भ

**बलौदाबाजार।** प्रज्ञा मानस मंडली संजय कालोनी स्थित राम जानकी मंदिर में अखंड नवधा रामायण प्रारम्भ हुई। विदित हो कि प्रत्येक प्रतिभागी टोली में पांच सदस्य होना अनिवार्य है, प्रत्येक मानस मंडली हेतु आयोजन समिति द्वारा भोजन और विश्राम की समुचित व्यवस्था के साथ 421 रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी, उपरोक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष नरसिंह वर्मा ने दी।





### प्रवचन : करमदा में कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई श्रीमद् भागवत कथा

# भागवत कथा के श्रवण से सभी कष्टों से मिलती है मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी





ग्राम करमदा में 23 से 30 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा आयोजन वर्मा परिवार द्वारा किया गया है। भागवत कथा के आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा ने भागवत कथा के प्रथम दिन मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। आचार्य शर्मा ने कहा कि जन्मांतरे भवेत पुण्यं तदा भागवतं लभेत अर्थात जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब जीव को भागवत कथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही कट जाते हैं, जीव के सारे पाप। व्यासपीठ से कथा का महत्व समझाते हुए आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी से पापी व्यक्ति भी पाप से मुक्त हो जाता है। वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने भागवत महापुराण की व्याख्या करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत अर्थात जो श्री से युक्त है, श्री अर्थात चैतन्य, सौंदर्य, ऐश्वर्या, भागवतः प्रोक्तम् इति भागवत भाव कि वो वाणी, जो कथा जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है। जो हमारे जीवन को सुंदर बनाती है वो श्रीमद्भागवत कथा जो सिर्फ मृत्युलोक में ही संभव है। साथ ही यह एक ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, इसलिए परीक्षित ने स्वर्ग अमृत के बजाए कथामृत का वरण किया। कथा रूपी अमृत का पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है।

उन्होंने बताया कि भागवत कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों का समावेश है। कथा के दौरान उन्होंने वृंदावन का अर्थ बताते हुए कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। कभी-कभी इंसान के मन में भक्ति जागृत होती है, परंतु वह जागृति स्थाई नहीं होती। इसका कारण यह है कि हम ईश्वर की भक्ति तो करते हैं पर हमारे अंदर वैराग्य व प्रेम नहीं होता है। इसलिए वृंदावन में जाकर भक्ति देवी तो तरुणी हो गई, पर उसके पुत्र ज्ञान और वैराग्य अचेत और निर्बल पड़े रहते हैं।

इसमें जीवन्तता और चैतन्यता का संचार करने हेतु नारद जी ने भागवत कथा का ही अनुष्ठान किया। आचार्य गोकर्ण महात्म्य की कथा सुनाते हुए कहा कि आत्मदेव ब्राह्मण का पुत्र धुंधकारी, जो कि मरणोपरांत एक भयंकर प्रेत बन गया, जिनकी मुक्ति के लिए गोकर्ण ने भागवत कथा का आयोजन किया और भागवत कथा सुनने मात्र से उस भयंकर प्रेत की मुक्ति हो गई, आचार्य शर्मा ने कहा कि भागवत कथा ऐसी कथा है जिनके श्रवण मात्र से बड़े से बड़े पापी का भी उद्धार हो जाता, उन्होंने कहा कि भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति है जिनसे व्यक्ति को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है, उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। कथा श्रवण करने मनुष्य में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं।

यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है।

### सच्चा सुख महलों में नहीं, संतोष और प्रेम में है, सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**हिरमी-रावन।** ग्राम सकलोर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं के सागर के साथ संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र के मार्मिक प्रसंग ने पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा आयोजक दिलीप वर्मा, सुधीर वर्मा, कमल वर्मा एवं वेदप्रकाश वर्मा द्वारा अपने पिताजी स्व. अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं माताजी स्व. सुरूज बाई वर्मा की पावन स्मृति में किया गया। विश्राम दिवस पर राष्ट्रीय कथा वाचिका, बालविदुषी अनन्या शर्मा ने सुदामा चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरक वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को भक्त और भगवान के निस्वार्थ प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण बताया। कथा में भगवान द्वारा सुदामा को गले लगाना और उनके पैरों के कांटे निकालना सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। उन्होंने प्रसिद्ध पंक्ति "पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोये" के माध्यम से कृष्ण की करुणा और प्रेम को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। अनन्या शर्मा ने कहा कि सुदामा ने कृष्ण से कुछ नहीं मांगा,



फिर भी भगवान ने उनकी निर्धनता को वैभव में बदल दिया। यह प्रसंग सिखाता है कि ईश्वर से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं, वे भक्त के मन की पीड़ा स्वतः समझ लेते हैं। सच्चा सुख महलों में नहीं, बल्कि संतोष, प्रेम और विश्वास में है। कथा के समापन पर विधि-विधान से हवन-पूजन, गीता पाठ एवं तुलसी वर्षा के साथ पूर्णाहुति हुई। पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजक परिवार ने सफल आयोजन हेतु समस्त ग्रामवासियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### देवरी में भागवत महापुराण आज से

**खरोरा।** ग्राम देवरी(रजिया) में सहसराम पाटकर के आयोजन में उसके सुपुत्र डॉ. अमित पाटकर, अशोक पाटकर, अनुराग पाटकर के तत्वावधान में भागवत महापुराण का शुभारंभ 24 दिसंबर से होगा, जो 1 जनवरी तक कथा समय दोपहर 1 बजे से श्री राधे कृपा तक होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 दिसंबर दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे कलश यात्रा, वेदी पूजन, गौकर्ण धुंधकारी कथा, 25 दिसंबर को परीक्षित



जन्म, शुकदेव जन्म, वराह अवतार की कथा 26 दिसंबर को कपिल देवहुति संवाद, सती ध्रुव चरित्र, जडभरत प्रसंग की कथा 27 दिसंबर को अजामिल प्रसंग, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार की कथा 28 दिसंबर को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, मोहिनी अवतार, वामन, श्रीराम, श्रीकृष्ण जन्म 29 दिसंबर को श्रीकृष्ण बल्लीला, कंस वध, रूखमणी विवाह 30 दिसंबर को राजसु यज्ञ, सुदामा चरित्र 31 दिसंबर को श्रीकृष्ण उद्धव,दत्तात्रेय संवाद, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौत्री 1 जनवरी को गीता सार, यज्ञ पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा स्नान एवम् प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## कृत्रिम गर्भाधान से किया जा रहा नस्ल सुधार

**पलारी।** पशुधन विकास विभाग विकासखंड पलारी अंतर्गत नस्ल सुधार



कार्यक्रम के तहत निशुल्क कृत्रिम गर्भाधान का कार्यक्रम विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. निर्मल चेलक एवं पशु चिकित्सालय पलारी प्रभारी डॉ. चंदन कुर्रे के निर्देशन में विकासखंड पलारी अंचल में व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। साथ ही साथ कृत्रिम गर्भाधान की नविन तकनीक के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान का लाभ पूरे पलारी अंचल में दिया जा रहा है। इस तकनीक से 90 प्रतिशत बछिया ही पैदा होती है जो की डेयरी क्षेत्र में क्रांति लाने वाली है, इसमें पशुपालक में अत्यंत हर्ष का माहौल है। वही मंगलवार को कृत्रिम गर्भाधान (ये आई) कि सेवा देने पहुंचे डॉ. हेमलाल ध्रुव, डॉ. रामकुमार यादव ग्राम पंचायत बिनौरी सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू अपने गाय में नस्ल सुधार करवाया।

## 106 बच्चों को पिलायी गई पोलियो रोधी दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 2025 के अंतर्गत जन मानव विकलांग कल्याण संघ द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता एवं सेवा गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने पल्स पोलियो बुथों पर पहुंचकर बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई और समाज को यह संदेश दिया कि कोई भी बच्चा पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित न हो। संघ के समस्त पदाधिकारी अलग-अलग पोलियो बूथों में उपस्थित होकर जिले के कुल 106 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने में सहभागी बने। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों को भी पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। उक्त जानकारी जन मानव विकलांग कल्याण संघ के जिला सचिव राजेश वर्मा ने दी।

## सरसीवां-सरायपाली मार्ग पर उड़ती धूल से राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

सरसीवां-सरायपाली मुख्य मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। इस जर्जर मार्ग में पिछले 3 साल से राहगीर मजबूरी में आवागमन कर रहे हैं। बीते बरसात के समय सड़क के गड्ढों को मिट्टी डस्ट से पाटने की वजह से अब धूल के गुब्बार बनकर राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। उड़ती धूल भरी इस आंधी से अब लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। सड़क पर पानी का नियमित छिड़काव न होने एवं मरम्मत के अभाव में सड़क की हालात इतनी खराब हो चुकी है कि राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। बड़े वाहनों के गुजरने के बाद मोटरसाइकिल चालकों को गाड़ी चलाना भी मुश्किल हो जाता है। सागरपाली के पास भंवरपुर चौक से लेकर डीपापारा तक एवं माता नाला से लेकर सरसींवा तक सड़क काफी जर्जर हो चुकी है, जिसके चलते आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। सड़क किनारे उड़ते धूल के गुब्बार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सड़क पर वाहन गुजरने के कुछ समय बाद तक सड़क के आसपास धूल का कोहरा छा जाता है, जिससे कुछ समय तक कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता, इस कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। धूल के गुबार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सड़क किनारे के घरों और आसपास के पेड़ पौधों पर धूल की परत जम चुकी है।

■ बड़े वाहनों के गुजरने से बाइक चालकों को गाड़ी चलाने में हो रही कठिनाई

इस मार्ग के नए सिरे से मरम्मत की आवश्यकता है, मगर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया रहा रहा। लोगों ने शासन से तत्काल सड़क मरम्मत करने एवं नियमित पानी छिड़काव और डामरीकरण की मांग की है ताकि इस धूल की बीमारी से राहत मिल सके। चिकित्सकों के अनुसार बीते कुछ महीनों में श्वास संबंधी रोग, दमा, खांसी और आंखों में जलन की शिकायतों में तेजी से वृद्धि हुई है। सबसे अधिक असर बुजुर्गों, बच्चों और दमा रोगियों पर देखा जा रहा है। धूल से बचने के कारण से आसपास के लोग सड़क पर पानी का छिड़काव कर रहे हैं।

### धान का उठाव नहीं होने से समिति को सुखत की चिंता

# खरीदी केंद्र अर्जुनी में धान की आवक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हुए 23 दिसंबर को 38 दिन पूरे हो गए हैं। लिमिट बढ़ाये जाने के बाद से सहकारी समितियों में धान की आवक भी तेज हो गई है। वहीं इस वर्ष बफर लिमिट 9 हजार 600 सौ क्विंटल होने के कारण सहकारी समितियों से धान का उठाव नहीं होने के कारण कहीं-कहीं धान खुले आसमान के नीचे पड़े हुए है, जिसके चलते समिति प्रबंधकों को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखत की चिंता सताने लगी है।

हमारे इस प्रतिनिधि ने 23 दिसंबर को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी का जायजा लिया तो बताया गया कि



22 दिसंबर तक 408 किसानों का 15162 क्विंटल 80 किलो राशि 35920673.20 रुपये का धान खरीदा गया है। वहीं धान बेचने के लिए बचे 537 किसानों से 29838 क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। जिससे धान खरीदी निर्धारित अवधि तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस सहकारी समिति में हमालों की प्राप्त व्यवस्था है, जिसके चलते धान तौलाई करने के लिए 4 कांटे लगाए गए हैं। वहीं सहकारी समिति में खरीदे गए धान की चोरी ना हो निगरानी के लिए 6 नग सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। खैरताल के किसान भूपराम साहू एवं अन्य किसानों ने लिमिट बढ़ाने की मांग की है।

### केंद्र में किसानों की सुविधाओं का रखा जा रहा ध्यान

22 दिसंबर तक 15162 क्विं. 80 किलो में 4440 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। वहीं बफर लिमिट से अधिक धान होने के बावजूद 10722 क्विंटल 80 किलो धान अभी भी धान खरीदी केंद्र में पड़ा हुआ है। एक दिन में एक दो गाड़ी का ही परिवहन हो पा रहा है, जिसके चलते खुले आसमान के नीचे धान जाम पड़ा है। धान जाम होने के कारण परिवहन बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई। समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा ने बताया कि किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उनके बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। शासन के निर्देशों के अनुरूप समर्थन मूल्य में यहां धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। वहीं समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिल रहा है।